
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 274 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**हिंदी फिल्मों से निराशा



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 8 फरवरी 2022



मौसम अधिकतम 13.0° न्यूनतम 5.0°

40243.41

2 दुनिया भर में कोरोना का कहर

7 ऐसा लग रहा था कि वह बहुत जल्दी में हैं

# डबल ब्रेक वाली सरकार थी कांग्रेस

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहाड़ी टोपी में वर्चुअली हरिद्वार की जनता से जुड़े। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत सीडीएस स्व. जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि देकर की। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और डबल ब्रेक वाली सरकार करार दिया। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने संसाधनों को लूटा, हमारे लिए उत्तराखंड देवभूमि है। ये उत्तराखंड को अलग राज्य ही नहीं बनने देना चाहते थे। पीएम ने ये भी कहा कि इन्होंने उत्तराखंड को एटीएम समझा, इन्हें जनता मौका नहीं देने वाली है। उत्तराखंड में फिर डबल इंजन की सरकार बनेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की डबल ब्रेक वाली सरकार ने अपने समय में ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन के लिए केवल चार करोड़ रुपए ही जारी किए। 2014 में जब केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई और उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने का मौका मिला तो उन्होंने इस काम को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार ने उसमें हमेशा अड़ंगा लगाया। 2017 में जब केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार, यानी डबल इंजन की सरकार आई तो विकास के काम में तेजी आई।

## वर्चुअल रैली में पहाड़ी टोपी में पीएम मोदी ने साधा निशाना

**बिपिन रावत को किया नमन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत धर्मनगरी हरिद्वार के गौरव की बात कर शुरू की। इसके साथ ही उन्होंने बिपिन रावत समेत सभी शहीद वीरों को नमन किया। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा, अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड का निर्माण किया।



### आठ को नैनीताल में होगी वर्चुअल रैली

पीएम मोदी की वर्चुअल रैलियां आठ फरवरी को नैनीताल, नौ फरवरी को टिहरी, 10 फरवरी को अल्मोड़ा और 11 फरवरी को पौड़ी संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में होगी।

**कांग्रेस के विकास के वायदों पर किया हमलाः** पीएम ने कांग्रेस के विकास वायदों पर सीधा हमला करते हुए कहा कि जिस पार्टी की सोच विकासवादी ना हो वह सत्ता में आने पर क्या करेगी इसे पूरा देश जानता है और खासकर उत्तराखंड जानता है। ऐसे लोगों को उत्तराखंड माफ नहीं करेगा।

**कांग्रेस ने किया है पापः** प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने उत्तराखंड और उत्तराखंड के लोगों के सपनों को पूरा नहीं कर पाप किया है, कांग्रेस ने उत्तराखंड के विकास के साथ पाप किया है और देश की सुरक्षा के साथ पाप किया है। उत्तराखंड इन्हें कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने आम जनता से भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि 14 फरवरी को वोट देते समय वह कांग्रेस को और कांग्रेस के गुनाहों को याद रखें, भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर राष्ट्र के सम्मान राष्ट्र के विकास और उत्तराखंड के विकास को आगे बढ़ाने का काम करें।

**केंद्र ने इस बार के बजट में की पर्वतमाला परियोजना की घोषणा** पीएम मोदी ने कहा कि इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने उत्तराखंड जैसे राज्यों के लिए पर्वतमाला परियोजना की घोषणा की है। आने वाले समय में यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार बढ़ेगा और युवा अपने सपनों को पूरा कर सकेंगे।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास पर लगे हुए ब्रेक कैसे हटते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

### भौतिक चुनावी रैली कराने की भी तैयारी

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने दावा किया कि प्रधानमंत्री की उक्त वर्चुअल रैली में हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से विधान सभा क्षेत्र के एक लाख से अधिक लोग जुड़ रहे हैं। भाजपा ने प्रदेश के पांचों लोकसभा क्षेत्रों में मोदी के वर्चुअल जन चौपाल कार्यक्रम दोबारा से तय कर दिए हैं। सात फरवरी को पीएम मोदी हरिद्वार लोकसभा सीट में वर्चुअल संबोधन कर रहे हैं। भाजपा गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में मोदी की भौतिक चुनावी रैली कराने की भी तैयारी कर रही है। डॉ. निशंक ने कहा कि देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए लोगो में अति उत्साह है।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा ने सीएम योगी के खिलाफ भाजपा नेता की पत्नी को प्रत्याशी बनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी में नेता विधायक दल रहे शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद भी टिकट नहीं मिला। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 के अंतिम चरण के मतदान वाले क्षेत्रों के लिए समाजवादी पार्टी ने जो 24 नाम की सूची जारी की है, उसमें शाह आलम का नाम नहीं है। सपा ने सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भाजपा नेता की पत्नी को मैदान में उतारा है।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट के दो 40 मंजिला टावरों को दो सप्ताह के भीतर ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा के सीईओ को 72 घंटे के भीतर सभी संबंधित एजेंसियों की बैठक बुलाने का निर्देश दिया है, ताकि दोनों टावरों को गिराने के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा सके।

# मतदान प्रशिक्षण लेने आ रहे कार्मिकों के साथ सैकड़ों यात्री फंसे

## चम्पावत-टनकपुर हाईवे पर मलबा आने से आवागमन बाधित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चम्पावत। सोमवार की सुबह 5:30 बजे चम्पावत-टनकपुर हाईवे पर बेलखेत के पास मलबा गिरने से टनकपुर से मतदान प्रशिक्षण लेने आ रहे कार्मिकों के साथ सैकड़ों यात्री फंस गए। सड़क बंद होने की सूचना के बाद पोकलैंड और जेसीबी मशीनों को लगाया गया। काफी मशक्कत के बाद दोपहर 12 बजे एनएच को आवागमन के लिए सुचारू किया जा सका।

आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 5:30 बजे बेलखेत के समीप किमी नंबर 92 के पास बड़ी मात्रा में बोल्डरों के साथ मलबा गिरने से एनएच पूरी तरह बंद हो गया। सड़क बंद होने से टनकपुर और बनबसा से जिला मुख्यालय में मतदान प्रशिक्षण लेने आ रहे दर्जनों कर्मचारियों सहित सैकड़ों यात्री फंस गए। सड़क बंद होने की सूचना के बाद एनएच ने मौके पर जेसीबी और पोकलैंड मशीनों को रवाना कर दिया। लगातार गिर रहे मलबे के कारण सड़क खोलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद दोपहर बजे मलबा हटाकर वाहनों की आवाजाही सुचारू की गई। लगातार साढ़े सात घंटे तक यात्रियों को वाहनों में बैठे-बैठे परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए। एनएच पर अमोड़ी के पास रविवार की रात भी मलबा गिरा जिसे सुबह तक हटा दिया गया था। इधर पिछले दिनों हुई बर्फबारी के चलते बंद जिले की 14 ग्रामीण सड़कें अभी भी आवागमन के लिए सुचारू नहीं हो पाई हैं। जिससे ग्रामीणों का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा हुआ है। कई गांवों में जरूरी सामान की सप्लाई नहीं हो पा रही है। चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने संबंधित संस्थाओं को बंद पड़ी सड़कों को शीघ्र खोलने के निर्देश दिए हैं।

### बर्फबारी से बंद पड़ी जिले की ग्रामीण सड़कें

चमदेवल-कजीना, बगौटी-डुंगरालेटी, डुंगराबोरा कायल मटियानी, डुंगराबोरा-चक सिलकोट, किमतोली-खतेड़ा, खेतीखान-गोसनी, नरसिंहडांडा-गुरेली, मंच-दुबडजैनल, मंच-नीड़, मडलक-सैलपेडू, खटोली मल्ली, लोहाघाट-चौमेल, धौन-सल्ली, चमदेवल-निडिल, खटोली मल्ली-वैला, दिगालीचौड़-अखिल तारिणी सड़कें चार दिन से बंद पड़ी हैं। लोनिवि एवं पीएमजीएसवाई द्वारा सड़कों को खोलने का काम लगातार जारी है।

# उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे अभिनेता अक्षय कुमार

**संवाददाता**

देहरादून। बालीवुड स्टार अक्षय कुमार उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि अक्षय कुमार को राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनने का सुझाव दिया गया है, जिसे अक्षय कुमार ने स्वीकार कर लिया है। वे यहां के ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अक्षय की तारीफ करते हुए कहा कि वे एक कलाकार के साथ ही अच्छे इंसान भी हैं।

अभिनेता अक्षय कुमार ने सोमवार सुबह उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में सीएम आवास पर मुलाकात की। इस दौरान कई विषयों पर चर्चा हुई। सीएम धामी ने बताया कि अक्षय कुमार को यहां ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करने का प्रस्ताव दिया गया है, जिसे उन्होंने मान भी लिया है।

इंटरनेशनल खिलाड़ी अक्षय कुमार निर्माता वासु भगनानी और रंजीत तिवारी के निर्देशन में बन रही साउथ फिल्म रत्सासन रीमेक की शूटिंग के लिए उत्तराखंड में हैं।

**सम्मान**



■मुलाकात के दौरान सीएम धामी ने पहनाई ब्रह्मकमल की टोपी

इसकी शूटिंग मसूरी में हो रही है। फिल्म में अभिनेत्री रकुल प्रीत भी नजर आएंगी। बीते मंगलवार को अक्षय कुमार मसूरी पहुंचे। वे यहां की खूबसूरती से बेहद ही प्रभावित हुए। अक्षय कुमार ने पहाड़ों की रानी मसूरी में फिल्म की शूटिंग के साथ ही स्नो फाल भी एंज्वाय किया। फिल्म की शूटिंग के दौरान सेंटजार्ज कालेज, बार्लोगंज और ओकग्रोव स्कूल में बच्चों के साथ अक्षय कुमार की बातचीत के दृश्य फिल्माए गए। बता दें कि कि 12 फरवरी तक मसूरी के आसपास के क्षेत्रों में फिल्म की शूटिंग चलेगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आईना मत दिखाओ, वो आईना भी तोड़ देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब दिया। पीएम मोदी ने सबसे पहले अपने संबोधन में स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधने के लिए एक शेर भी पढ़ा... वो जब दिन को रात कहें, तो तुरंत मान जाओ। नहीं मानोगे तो वो दिन में नकाब ओढ़ लेंगे। जरूरत हुई तो हकीकत को थोड़ा बहुत मरोड़ लेंगे, वो मगरूर हैं खुद की समझ पर बेइंतहा, इन्हें आईना मत दिखाओ, वो आईने को भी तोड़ देंगे।

विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जब वे इतना लंबा भाषण देते हैं, तो भूल जाते हैं कि 50 साल में आपने इस जगह बैठने का लाभ लिया था।

### लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर करारा वार

लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि इतने चुनाव हारने के बाद आपके अहंकार में कोई बदलाव नहीं आया है। कोरोना के संकट काल में कांग्रेस पार्टी ने सारी हदें पार कर दी।